भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 101
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 01 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

चित्रदुर्ग में सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए धनराशि

101. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को चित्रदुर्ग किले, चंद्रावल्ली गुफाओं और चित्रदुर्ग में अन्य सांस्कृतिक स्थलों के विकास हेतु धनराशि स्वीकृत करने के लिए कोई अनुरोध/प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;
(ख यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में धनराशि स्वीकृत करने हेतु क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं; और
(ग) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान स्वीकृत धनराशि का वर्षवार और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को चित्रदुर्ग किला और चित्रदुर्ग में अन्य सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए निधियों की स्वीकृति से संबंधित कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं।

चित्रदुर्ग जिले में अवस्थित चंद्रवल्ली गुफाएँ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत संरक्षित स्मारक नहीं हैं।

तथापि, वर्ष 2015-16 के दौरान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नागरिक सुविधा कार्यों के अंतर्गत चित्रदुर्ग किले में संरक्षण, विकासात्मक कार्य और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए 8.11 करोड़ रुपये की कुल राशि का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। वर्ष 2021 में पर्यटन विभाग, कर्नाटक सरकार ने चित्रदुर्ग किले में संरक्षण, विकासात्मक कार्य और सार्वजनिक सुविधाओं के कार्य के लिए 8.11 करोड़ रुपये में से 1.43 करोड़ रुपये जारी किए थे। जिनका ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

इसके अलावा, चित्रदुर्ग जिले में विगत पांच वर्षों के दौरान, स्मारकों/स्थलों के अनुरक्षण, संरक्षण और परिरक्षण पर किए गए व्यय का ब्यौरा **अनुबंध -II** में दिया गया है।

अनुबंध -I

<u>लोक सभा में दिनांक 01.12.2025 को उत्तरार्थ प्रश्न संख्या 101 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।</u>

सिविल सुविधा कार्य के तहत चित्रदुर्ग किले में किए गए संरक्षण, विकास और सार्वजनिक सुविधाओं का विवरण

क्रम संख्या	कार्य का विवरण	कार्य आदेश/ अनुमानित राशि	किया गया व्यय	टिप्पणियाँ/कार्य की प्रगति
1	चित्रदुर्ग किले के अंदर शौचालय ब्लॉक का नवीनीकरण	84,27,561/- रु.	79,11,743/- रु.	वास्तविक रूप से 100% पूर्ण
2	चित्रदुर्ग में किले और पहाड़ियों पर मंदिरों में पेयजल ब्लॉक का नवीनीकरण	46,68,037/- रु.	46,24,105/- रु.	वास्तविक रूप से 100% पूर्ण
3	चित्रदुर्ग में किले और पहाड़ियों पर बने मंदिरों में जलपानगृह का नवीनीकरण और पेयजल की इकाई का निर्माण	4979640.08 रु.	-	निधियों की कमी के कारण कार्य आरंभ/नहीं हो पाया।
4	चित्रदुर्ग में संकेतक और सूचना-पट्ट लगाना	4513147.40 रु.	-	निधियों की कमी के कारण कार्य आरंभ/नहीं हो पाया।
5	चित्रदुर्ग किले में सुगम-पथ का विकास	कर्नाटक सरकार से निधियाँ प्राप्त न होने के कारण आरंभ/प्रक्रिया नहीं चलाई गई।		
6	चित्रदुर्ग किले में डिस्प्ले सेट-अप और डिजिटल व्याख्या उपकरण	कर्नाटक सरकार से निधियाँ प्राप्त न होने के कारण आरंभ/प्रक्रिया नहीं चलाई गई।		
7	चित्रदुर्ग किले में उद्यान का सौंदर्यकरण	कर्नाटक सरकार से निधियाँ प्राप्त न होने के कारण आरंभ/प्रक्रिया नहीं चलाई गई।		
8	चित्रदुर्ग किले में प्रकाश की सुविधा	कर्नाटक सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा किया जाना है।		

अनुबंध –II

<u>लोक सभा में दिनांक 01.12.2025 को उत्तरार्थ प्रश्न संख्या 101 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।</u>

विगत पांच वर्षों के दौरान चित्रदुर्ग जिले में स्मारकों/स्थलों के अनुरक्षण, संरक्षण और परिरक्षण पर किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(राशि रु. में)

क्रम संख्या.	चित्रदुर्ग लोकसभा क्षेत्र में अवस्थित स्मारक का नाम	वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए व्यय	वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए व्यय	वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए व्यय	वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए व्यय	वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए व्यय
1.	अशोक के शिलालेख ब्रह्मगिरी	36464	281190	562006	249916	153925
2.	प्रागैतिहासिक स्थल ब्रह्मगिरी	13667	159845	255671	249916	36777
3.	प्रागैतिहासिक स्थल चंद्रवल्ली	61867	149739	224594	285352	36777
4.	चित्रदुर्ग पहाड़ी पर अवस्थित किला और मंदिर	5683614	8866528	9371202	4439924	3108435
5.	शिलालेख और जट्टिंगीरामेश्वर मंदिर, रामेश्वर पहाड़ी	9750	27609	2300	249915	153925
6.	अक्का-तांगी मंदिर और अशोक शिलालेख इमेतमन्ना गुंडु सिद्धपुरा	29087	240808	362671	277718	171525

*****